राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ.2(ग)(केडर रिव्यू) अलेसे–।/ 899-900 दिनांक 29/5/20

विभागाध्यक्ष
समस्त

**विषयः– राजस्थान अधीनस्थ लेखा संवर्ग के पदों के मिलान हेतु स्वीकृत पदों की नवीनतम सूचना के संबंध में।**

**प्रसंगः– विभागीय परिपत्र क्रमांक 704 दिनांक 16.12.2019**

विषयान्तर्गत निवेदन है कि आपके विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों में राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के सहायक लेखाधिकारी–।, सहायक लेखाधिकारी–।। एवं कनिष्ठ लेखाकार के पद सृजित है। इन पदों पर कार्मिकों का पदस्थापन निदेशालय कोष एवं लेखा द्वारा किया जाता है।

कतिपय मामलों में इस निदेशालय के ध्यान में आया है कि निदेशालय में उपलब्ध राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के स्वीकृत पदों संबंधी सूचना तथा विभागों में वास्तविक रूप से उपलब्ध पदों में अन्तर आ रहा है। इसका प्रमुख कारण यह प्रतीत हो रहा है कि विभागों द्वारा जिन नवीन पदों का सृजन कराया जाता है अथवा पूर्व में उपलब्ध पदों को समाप्त कराया जाता है, उसकी प्रशासनिक स्वीकृति इस निदेशालय को पृष्ठांकित नहीं की जाती है, जिससे यथास्थिति नवीन पदों को जोड़ने अथवा समाप्त किये गये पदों की कार्यवाही सम्पन्न नहीं हो पाती है, परिणामतः निदेशालय द्वारा कैडर में संबंधित विभागों हेतु दर्शाए जाने वाले पदों में और वास्तविक रूप से उपलब्ध पदों में विभिन्न स्तरों पर भिन्नता बनी रहती है।

इसी क्रम में संदर्भित परिपत्र के द्वारा दिनांक 01.04.2016 की स्थिति और इसके पश्चात नवीन जुड़े अथवा समाप्त हुए पदों के आधार पर विभाग के अधीन कार्यालय में उपलब्ध राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत कार्मिकों की विस्तृत सूचना 15 दिवस में चाही गई थी जो कि आदिनांक अपेक्षित है। आप से पुनः निवेदन है कि स्वीकृत पदों एवं उनके विरूद्ध कार्यरत कार्मिकों की विस्तृत सूचना 10 दिवस में भिजवाने का श्रम करावे ताकि अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के पदों को अधीनस्थ लेखा सेवा में जोड़ा व घटाया जा सके एवं निदेशालय एवं विभागों की सूचनाओं में एकरूपता स्थापित की जा सकें।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांक :– एफ.2(ग)(केडर रिव्यू) अलेसे–।/ 899-900 दिनांक 29/5/20

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. वित्तीय सलाहकार/ मुख्य लेखाधिकारी/वरिष्ठ लेखाधिकारी/लेखाधिकारी, ........................................
2. कोषाधिकारी समस्त को भेजकर लेख है कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर उक्तानुसार सूचना भिजवाने की व्यवस्था करावें।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक